इकाई – III

# 8. बाल दिवस

क्ष त्र ज्ञ श्र



(श्रावणी इसी साल पाठशाला आयी है। वह छठवीं कक्षा में पढ़ती है। रजिता उसकी सहेली है। पाठशाला में बाल दिवस मनाया जा रहा है।)

श्रावणी : रजिता, क्या बात है? आज कोई भी किताबें नहीं लाया?

रजिता : लगता है तुम कल नहीं आयी थी। आज बाल दिवस है।

श्रावणी : यह बाल दिवस क्या है?

रजिता : आज 14 नवंबर है। आज चाचा नेहरू का जन्मदिन है। इसलिए आज के दिन बाल दिवस मनाते हैं।

श्रावणी : सुना है वे बच्चों को बहुत चाहते थे। इसलिए बच्चे उन्हें चाचा कहते थे...

रजिता : हाँ, हाँ, तुमने सही कहा। इसीलिए उनके जन्मदिन पर बाल दिवस मनाया जाता है।

श्रावणी : इस दिन विद्यालय में क्या-क्या करते हैं?

रजिता : आज सब मिलकर अपनी-अपनी कक्षाएँ सजाते हैं। रंग-बिरंगे कागज़ लगाते हैं। शिक्षक ज्ञान की बातें बताते हैं। छात्र खेलों में भाग लेते हैं, गीत गाते हैं। पुरस्कार पाते हैं।

श्रावणी : अच्छा, मैं भी इन सब में भाग लूँगी।

रजिता : अच्छी बात है। तुम्हें बाल दिवस की शुभकामनाएँ।

श्रावणी : तुम्हें भी.............!

SCERT TELANGANA



## सुनो-बोलो

1. विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, शिक्षक दिवस आदि मनाते हैं। आपको कौन-सा दिवस पसंद है? क्यों?
2. बाल दिवस के दिन आपके विद्यालय में क्या-क्या किया जाता है?



## पढ़ो

**(अ) 'क्ष' वाले शब्दों पर '◯', 'त्र' वाले शब्दों पर '□', 'ज्ञ' वाले शब्दों '√' और 'श्र' वाले शब्दों पर '( )' लगाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रक्षा | श्रम | ज्ञान | संज्ञा | त्रिकोण | श्रवण |
| क्षमा | भिक्षा | विज्ञान | आज्ञा | पत्र | श्राप |
| | यज्ञ | | चित्र | ज्ञानी | |

**(आ) शब्द पढ़िए। वर्ण पढ़िए। इन अक्षरों को वर्णमाला में पहचानकर '◯' लगाइए।**

| छात्र | कक्षा | ज्ञान | श्रमिक |
|---|---|---|---|
| छा त्र | क क्षा | ज्ञा न | श्र मि क |
| छ ा त्र | क क्ष ा | ज्ञ ा न | श्र ि म क |



**(इ) पढ़िए-समझिए।**

क् + ष = क्ष  त् + र = त्र
ज् + ञ = ज्ञ  श् + र = श्र

ऊपर दिये गये वर्ण दो अलग वर्णों के मेल से बने हैं। ऐसे अक्षर 'संयुक्ताक्षर' कहलाते हैं। जैसे: क्षण, चित्र, यज्ञ, श्रम

पढ़िए-समझिए।

क् + य = क्य  ग् + व = ग्व
म् + य = म्य  स् + व = स्व

जैसे: क्या, म्यान, ग्वाला, स्वामी

अ आ इ ई उ ऊ ऋ
ए ऐ ओ औ अं अः
क ख ग घ ङ
च छ ज झ ञ
ट ठ ड ढ ण (ड़ ढ़)
त थ द ध न
प फ ब भ म
य र ल व
श ष स ह
क्ष त्र ज्ञ श्र

SCERT TELANGANA

(ई) नीचे दिए गए शब्द पढ़िए।

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा | पक्षी | यज्ञ | छात्र | पत्र | विज्ञान | ज्ञानी | पुत्र | शत्रु | पक्ष | मित्र | साक्षी |



## लिखो

(अ) सुंदर अक्षरों में लिखिए।

कक्षा पत्र ज्ञानी श्रमिक नक्षत्र यज्ञ

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

(आ) बाल दिवस कब मनाते हैं?

..........................................................................................


उत्तरः..........................................................................................

(इ) चित्र देखकर वाक्य पूरा कीजिए।

1. छात्र  में पढ़ते हैं। 2. ऋषि  करता है।

छात्र .................. में पढ़ते हैं। ऋषि ..................... करता है।

(ई) तिरंगे में केसरिया, सफेद और हरा रंग भरिए। इसके बारे में लिखिए।



.........................................

.........................................

.........................................



| क्या मैं ये कर सकता/सकती हूँ? | हाँ (✓) | नहीं (×) |
|---|---|---|
| 1. मैं चित्र के बारे में बातचीत कर सकता/सकती हूँ। | | |
| 2. मैं 'क्ष, त्र, ज्ञ, श्र' वर्ण पढ़ और लिख सकता/सकती हूँ। | | |
| 3. मैं इन वर्णों से बने शब्द व वाक्य बिना देखे लिख सकता/सकती हूँ। | | |
| 4. मैं संकेत के आधार पर चित्र बनाकर उसके बारे में बता सकता/सकती हूँ। | | |

SCERT TELANGANA